हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 85 देहरादून, बृहस्पतिवार, 21 सितंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



रैगिंग केस में एसएसपी अजय सिंह हुए सख्त, केस दर्ज, जांच शुरू 3

# सावधान : उत्तराखंड के 6 जिलों में अगले 3 दिन होगी मूसलाधार बारिश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादूनः उत्तराखंड में कुछ दिनों से मौसम ठीक चल रहा है मगर अब अगले तीन दिन तक प्रदेश के अधिकतर जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। जी हां, मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से पर्वतीय जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम अलर्ट के अनुसार अगले तीन दिन तक प्रदेश के अधिकतर जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। आईएमडी की ओर से उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में बारिश पर अलर्ट जारी किया गया है। बारिश की चेतावनी के बाद प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है।

उत्तराखंड के सभी जिलों में 21 सितंबर तक बारिश के तेज दौर हो सकते हैं। वहीं छह जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम एवं आकाशीय बिजली चमक सकती है। मौसम निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि चमोली, बागेश्वर, देहरादून, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, और पिथौरागढ़ में कहीं कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। 21 सितंबर तक सभी जिलों में बारिश के तेज दौर भी हो सकते हैं। बता दें कि मानसून ने उत्तराखंड में इस बार जमकर कहर बरपाया है।

इस बार के मॉनसून सीजन के आंकड़ों पर अगर नजर दौड़ाएं तो इसकी शुरुआत थोड़ी सी धीमी रही। जून के महीने में बरसात कम हुई। जुलाई आते-आते मॉनसून सीजन तीव्र हुआ और अपना कहर बरपाना शुरू किया। इस से प्राकृतिक आपदाओं की वजह से अब तक कुल 96 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 16 लोग लापता चल रहे हैं. प्राकृतिक आपदा के चलते इस मॉनसून सीजन में सबसे ज्यादा रुद्रप्रयाग जिले में 21 लोगों की मौत हुई है। वहीं रोड एक्सीडेंट की अगर हम बात करें तो अब तक कुल 73 लोगों की मौत हो चुकी है।



## प्रदेश को गौसदनों की दृष्टि से सैचुरेट करना है : मुख्य सचिव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 सितम्बर, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने निराश्रित गौवंशीय पशुओं के लिए गौसदनों के विस्तार एवं निर्माण के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रदेश में गौसदनों के विस्तार एवं निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण करने के लिए समयसीमा निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश को गौसदनों की दृष्टि से सैचुरेट करना है। उन्होंने प्रदेश के सभी स्थानीय निकायों को शीघ्र से शीघ्र गौसदनों का विस्तारीकरण एवं स्थापना आदि कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौसदनों तक पशुओं को ले जाने के लिए हाईड्रॉलिक वाहनों की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।



कहा कि जहां नए गौसदनों का निर्माण होना है उसके भूमि चिन्हांकन के कार्य सहित डीपीआर तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए। जिला योजना में भी गौसदनों के लिए बजट मद की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम एवं निदेशक शहरी विकास नितिन सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## उत्तराखंड के अछूते पर्यटक स्थलों को किया जाए विकसित : राज्यपाल



देहरादून। पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राज्य के अछूते पर्यटक स्थलों को विकसित किए जाने पर जोर दिया। कहा कि ऐसे पर्यटक स्थलों के व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। राज्य में पर्यटन, वेलनेस और जैविक खेती की असीमित संभावनाओं पर काम किया जाए।

राजभवन में हुई बैठक में कहा कि हमें वर्तमान की जरूरतों के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं और यहां के पर्यटन स्थलों को विकसित करना होगा। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उत्तराखंड में पर्यटन, वेलनेस, प्राकृतिक और जैविक खेती के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। योग और आयुर्वेद के लिए देश और दुनिया के लोग यहां आ रहे हैं। इन्हें पर्यटन के साथ जोडने की जरूरत है। कहा कि चारधाम, हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे आध्यात्मिक तीर्थ स्थलों के साथ साथ साहसिक पर्यटन की बेहतर संभावनाओं को और अधिक विकसित किया जाए। औली में स्कीइंग को प्रोत्साहित किए जाने विशेष प्रयास किए जाएं।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। शक्ति सर्किट, नवरात्रि सर्किट, शैव सर्किट, वैष्णव सर्किट, विवेकानंद सर्किट को विकसित किया जा रहा है। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर्यटन विकास परिषद युगल किशोर पंत ने बताया कि कुमाऊं में मानसखंड मंदिर माला मिशन में कुल 48 मंदिरों में काम किए जाएंगे। पहले चरण में 16 मंदिरों को चुना गया है। रोप-वे के माध्यम से भी पर्यटकों को सुविधाएं दी जा रही हैं। मसूरी में जॉर्ज एवरेस्ट पार्क को विकसित किया जा रहा है। स्वरोजगार से संम्बन्धित योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना और दीन दयाल होम स्टे योजनाओं में कई लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। बैठक में सचिव रविनाथ रामन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूकाडा सी रविशंकर आदि मौजूद रहे।

## डीएम सोनिक ने ली वेटलैण्ड चिन्हिकरण के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। जनपद वेटलैण्ड (आद्र्र भूमि) चिन्हिकरण के सम्बन्ध जिलाधिकारी श्रीमतीसोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए वेटलैण्ड चिन्हीकरण तकनीकि रूप से सीमांकन करने के निर्देश दिए। वेटलैण्ड का सीमांकन करते हुए भू-अभिलेख गहनता से देखते हुए मौके पर भूमि की स्थिति का पूर्ण जायजा लें ताकि भूमिधरी/आबादी का क्षेत्र वेटलेण्ड का सही सीमांकन किया जा सके। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी नीतिशमणी त्रिपाटी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं रास्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी सहित वन विभाग, राजस्व सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# अब व्हाट्सएप चैनल बनाइये, PM मोदी ने की शुरुआत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 सितंबर , व्हाट्सअप ने हाल ही में चैनल का फीचर लांच किया। इस फीचर के रोलआउट किए जाने के बाद तमाम चैनल्स बनाए जा रहे हैं। यह फीचर व्हाट्सअप यूजर्स को वन-वे ब्रॉडकास्ट चैनल शुरू करने और बड़ी संख्या में लोगों से जुड़ने की अनुमति देता है। चैनल के फॉलोअर्स के तौर पर आप मैसेज नहीं भेज सकते हैं। हालांकि इमोजी के जरिए रिएक्ट कर सकते हैं। प्रतिक्रियाओं की कुल संख्या को भी देख सकते हैं। आप कौन सी इमोजी के जरिए प्रतिक्रिया दे रहे हैं, यह चैनल के फॉलोअर्स को नहीं दिखाई देता है।

कैसे बनाएं वॉट्सऐप चैनल ?

सबसे पहले आपको WhatsApp को अपडेट करना होगा।

इसके बाद आपको Updates Tab पर टैप करना होगा।

फिर आपको Channels ऑप्शन दिखेगा, इसके सामने + आइकन पर टैप करना होगा।


इसके बाद Find Channels और New Channel दिखेगा।

इसमें New Channel ऑप्शन पर टैप करना होगा। इसके बाद एक नया पेज ओपन होगा, जिसमें Continue ऑप्शन पर टैप करना होगा।

इसके बाद चैनल का नाम और उसकी डिटेल दर्ज करना करनी होगी। साथ ही प्रोफाइल फोटो लगानी होगी इसके बाद Create Channel पर टैप करना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपना व्हाट्सअप चैनल लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि व्हाट्सअप कम्युनिटी को ज्वाइन करके रोमांचित हूं। लोगों के करीब पहुंचने और उनके साथ इंटरेक्शन बढ़ाने का यह नया मौका मिला है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपना व्हाट्सअप चैनल लांच किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए व्हाट्सअप चैनल को ज्वाइन करते हुए कहा कि व्हाट्सअप कम्युनिटी को ज्वाइन करके रोमांचित हूं। लोगों के करीब पहुंचने और उनके साथ इंटरेक्शन बढ़ाने का यह नया मौका मिला है। आईए एक दूसरे से कनेक्ट रहते हैं।

पीएम मोदी ने नए चैनल को ज्वाइन करने के बाद नई संसद भवन में कामकाज करते हुए अपना फोटो भी शेयर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चैनल से आम लोग जुड़ सकते हैं। इससे वह देश की जनता से संवाद स्थापित कर सकते हैं। शाम 6 बजे तक प्रधानमंत्री के वॉट्सऐप चैनल को 1 लाख से ज्यादा लोगों ने फॉलो कर लिया था।





# हार्ट अटैक की वजह बन सकता है लगातार नाइट शिफ्ट करना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 सितम्बर : इन दिनों काम का बढ़ता प्रेशर लगातार लोगों को कई तरह की समस्याओं का शिकार बना रहा है। काम की वजह से लोग न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक समस्याओं की चपेट में भी आते जा रहे हैं। खासतौर पर नाइट शिफ्ट करने की वजह से इसका लोगों की सेहत पर काफी बुरा असर पड़ने लगा है। नाइट शिफ्ट में काम करने से न सिर्फ आपकी स्लीप साइकल डिस्टर्ब होती है, बल्कि इससे सेहत को भी काफी नुकसान पहुंचता है। तो चलिए जानते हैं नाइट शिफ्ट के कुछ गंभीर साइड फैक्ट्स के बारे में।

हम सभी ने हमेशा से सुना होगा कि रात में जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना हमारी सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। लेकिन नाइट शिफ्ट की वजह से कई बार हमारी नींद पूरी नहीं हो पाती है। साथ ही हमारे सोने और उठने की आदतों में भी काफी बदलाव हो जाता है। ऐसे में नींद की कमी होने लगती है, जो सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। ऑफिस की शिफ्ट का असर हमारे खानपान पर भी देखने को मिलता है। वहीं, अगर आप नाइट शिफ्ट कर रहे हैं, तो इससे आपके खाने की आदत पूरी तरह से बिगड़ जाती है। खानपान में हुई इस गड़बड़ी का असर हमारी पाचन क्रिया पर भी पड़ता है, जिसकी वजह से पाचन संबंधी कई समस्याएं जैसे कब्ज आदि का सामना करना पड़ता है।

नाइट शिफ्ट करने से व्यक्ति कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। दरअसल, रात में काम करने की वजह से हमारे सोने और खाने की आदतों में काफी बदलाव होने लगता है, जिसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। नाइट शिफ्ट की वजह से हार्ट अटैक, डायबिटीज जैसी समस्याओं का खतरा काफी बढ़ जाता है.नाइट शिफ्ट करने से न सिर्फ आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर असर पड़ता है, बल्कि इसका प्रभाव आपके सामाजिक जीवन पर भी पड़ता है। दरअसल, रात में काम करने के बाद व्यक्ति दिन में ज्यादातर समय सोता रहता है, जिसकी वजह से आप सामाजिक रूप से काफी अलग-थलग होने लगते हैं।



# डायबिटीज का नया लक्षण आया सामने, दिखते ही तुरंत कराएं जांच

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 सितंबर : डायबिटीज एक सामान्य स्थिति है जो इंडिया में काफी तेजी से फैल रही है. इन सभी मामलों में से 90 प्रतिशत मामले टाइप 2 डायबिटीज के हैं. ऐसा दावा किया गया है कि अगर आपके मुंह से असामान्य गंध आती है तो आपकी ब्लड शुगर हाई हो सकती है यानी आपको डायबिटीज हो सकती है.फल जैसी गंध वाली सांस डायबिटिक कीटोएसिडोसिस का लक्षण हो सकती है जो डायबिटीज का पहला संकेत हो सकता है.

वेट वॉचर्स के अनुसार, डायबिटिक कीटोएसिडोसिस शरीर के अंदर एक प्रक्रिया है जिसमें इंसुलिन की कमी के कारण खून में हानिकारक कीटोन्स का निर्माण होता है, और यह डायबिटीज का एक असामान्य संकेत है. ऐसा दावा किया गया है कि डायबिटीज के कारण सांसों में दुर्गंध भी आ सकती है, क्योंकि इस स्थिति के कारण मुंह में ग्लूकोज का स्तर बढ़ सकता है ,बैक्टीरिया इस चीनी का उपयोग भोजन के रूप में करते हैं जो बाद में संक्रमण और मसूड़ों की बीमारी का कारण बनता है. मसूड़ों की बीमारी मुंह से दुर्गंध के सबसे आम कारणों में से एक है जिसमें मुंह से दुर्गंध आती है.

वेट वॉचर्स ने कहा, सांस से फलों जैसी गंध या स्वाद आती है तो वह डायबिटिक कीटोएसिडोसिस नामक खतरनाक स्थिति का संकेत हो सकता है. डायबिटीज कीटोएसिडोसिस पहला संकेत भी हो सकता है कि आपको टाइप 1 डायबिटीज है. पर्याप्त इंसुलिन के बिना, आपके शरीर को ग्लूकोज से आवश्यक ऊर्जा नहीं मिल पाती है इसलिए यह फैट का उपयोग करने लगता है और कीटोन्स नामक कैमिकल उत्पन्न करता है. फिर जब आपके खून में बहुत अधिक कीटोन्स जमा हो जाते हैं ,तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं. हालांकि फल जैसी गंध वाली सांस डीकेए की पहचान है लेकिन यह एकमात्र लक्षण नहीं है. आपको सांस लेने में भी परेशानी हो सकती है, त्वचा लाल हो सकती है या उल्टियां आ सकती हैं,

डायबिटीज के सबसे आम लक्षणों में कटना या घाव होना, जिसे ठीक होने में अधिक समय लगता है. साथ ही काफी अधिक प्यास के साथ अधिक पेशाब भी लगती है. यदि आप अपने आपमें डायबिटीज के चेतावनी संकेत या लक्षण देखते हैं या आपको लगता है कि आपको डायबिटीज का जोखिम हो सकता है तो आपको डॉक्टर से बात करनी चाहिए. इस स्थिति का इलाज काफी जरूरी है नहीं तो आगे चलकर हृदय रोग और स्ट्रोक सहित कुछ घातक बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता हो सकता है.



हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# एसीएस राधा रतूड़ी ने पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर का शुभारम्भ किया






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय कार्मिकों के हित में सचिवालय परिसर में स्थित डिस्पेन्सरी में पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर की स्वीकृति देने के साथ ही इसे जल्द से जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए थे। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय स्थित राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय में निःशुल्क पैथोलॉजीकल परीक्षण हेतु पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर का शुभारम्भ किया। इस पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर में सभी आवश्यक मूलभूत पैथोलॉजीकल जाँचें जिसमें ब्लड, यूरीन, सीबीसी, ब्लड शुगर, किडनी, लीवर, कॉलेस्ट्रोल, थॉयरायड सहित लगभग 270 प्रकार की जाँचें निःशुल्क की जायेगी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय कार्मिकों के हित में सचिवालय परिसर में स्थित डिस्पेन्सरी में पैथोलॉजीकल कलेक्शन सेन्टर की स्वीकृति देने के साथ ही निर्देश दिए थे कि इसे जल्द से जल्द शुरू करवाया जाय। एसीएस राधा रतूड़ी ने इसे सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने बताया कि सरकार की इस पहल से राज्य सचिवालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों को लाभ मिलेगा, उनके समय की बचत होगी तथा कार्यस्थल पर ही आवश्यक चिकित्सा सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। सरकार ने अपने कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता दी है तथा प्रदेशभर में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे और पहुंच को सरल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इस अवसर पर अपर सचिव डा0 अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य डा0 विनीता शाह तथा सचिवालय के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे।

# रैगिंग केस में एसएसपी अजय सिंह हुए सख्त, केस दर्ज़, जांच शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 सितंबर , बीती 19 सितंबर की रात सेलाकुई स्थित दून बिजनेस स्कूल में छात्रो द्वारा तोड़ फोड व मारपीट किये जाने की घटना में जब पुलिस मौके पर पँहुची थी तो 150 से 200 की संख्या में छात्रो द्वारा कॉलेज परिसर में एकत्रित होकर तोडफोड की जा रही थी, जिन्हे पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किया गया पर उनके द्वारा तोडफोड जारी रखते हुये मौके पर मौजूद गाड़ियों व अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया तथा पुलिस पर भी हमले का प्रयास किया गया, मौके पर अन्य थानो से पुलिस बल को बुलाते हुये शान्ति व्यवस्था कायम की गयी।



घटना के सम्बन्ध में कॉलेज प्रशासन से जानकारी करने पर उनके द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पूर्व कॉलेज में BBA द्धितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्रो के बीच कोई बात प्रकाश में आई थी, जिसमे उनके बीच आपस मे झगडा हो गया था, उक्त घटना में कॉलेज प्रशासन द्वारा कुछ छात्रो को अस्थायी रुप से निलम्बित भी किया गया था तथा संपूर्ण प्रकरण की जॉच हेतु एक Internal Committee गठित की गयी थी, जिसके द्वारा छात्रो के मध्य हुये झगडे तथा रैंगिग की घटना की जॉच की जा रही थी,



पर इस दौरान सोशल मीडिया पर घटना के सम्बन्ध में एक वीडियो वायरल होने पर छात्र उत्तेजित हो गये और उनके द्वारा तोड़-फोड़ व बलवे की घटना की गई। कॉलेज परिसर में हुई घटना के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सेलाकुई की तरफ से 150 से 200 अज्ञात छात्रो के विरुद्ध बलवा , सरकारी कार्य में बाधा व पुलिस टीम पर हमला करने के सम्बन्ध में थाना सेलाकुई पर अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

वहीँ अब इस मामले में एसएसपी अजय सिंह के सख्त निर्देश जारी किये हैं क्योंकि दून स्कूल के प्रशासको द्वारा पूर्व में छात्रो के मध्य हुये विवाद के सम्बन्ध में किन कारणो से पुलिस को अवगत नही कराया गया, उन कारणों तथा कॉलेज प्रशासन की भूमिका को भी विवेचना में शामिल किया जायेगा। जल्द ही सभी संस्थानो के प्रशासको के साथ बैठक कर उन्हे अपने – अपने संस्थानो में अनुशासन बनाये रखने तथा किसी भी विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु सख्त हिदायत दी जायेगी, साथ ही संस्थान में इस प्रकार की घटनाये घटित होने पर उनकी जवाब देही भी तय की जायेगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट ने की राज्यपाल से भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में रोहित भट्ट ने भेंट की। श्री भट्ट टिहरी गढ़वाल के युवा पर्वतारोही हैं। वे विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटियों में शामिल तीसरी व अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी माउंट किलिमंजारो पर इस वर्ष जनवरी में 361 फिट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर रिकॉर्ड बनाने वाले पहले पर्वतारोही बने हैं। उन्होंने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर 101 फीट लंबा तिरंगा फहराकर भी विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने बताया की अक्टूबर में दक्षिणी अमेरिका की चोटी आरोहण के लिए चयन हुआ है। राज्यपाल ने युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट को युवाओं का प्रेरणास्त्रोत बताते हुए अफ्रीका और यूरोप की सबसे ऊँची चोटियों को फतह करने और वहां राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये उन्हें बधाई दी। उन्होंने श्री भट्ट को इस अभियान हेतु हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### विधायक पर कार्रवाई की हिम्मत दिखाए करण माहरा : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा अपनी पार्टी के विधायक मदन बिष्ट के खिलाफ कार्रवाई की हिम्मत दिखाएं। बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में महेंद्र भट्ट ने कहा कि विधायक बिष्ट के ऑडियो और वीडियो सामने आने के बाद भी कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी समझ से परे है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व उनकी पार्टी के दो विधायकों के प्रकरण सामने आए तो उन्होंने ऋषिकेश और यमकेश्वर के विधायक को नोटिस भेजकर घटनाक्रम पर जबाव देने को कहा था। उन्होंने कहा कि इस पर दोनों विधायकों ने पार्टी कार्यालय आकर अपना जबाव प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को हिम्मत दिखाकर विधायक से पूछना चाहिए कि आखिर उन्होंने इस तरह का अशोभनीय व्यवहार क्यों किया। महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस के विधायक न केवल इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर से अमर्यादित शब्द बोल रहे हैं। बल्कि उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के लिए भी अपशब्द कहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी इसीलिए राज्यपाल से इस मामले में विधायक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रही है।

### सीएम आवास कूच कर रहे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को रोका

देहरादून। सीएम आवास कूच कर रहे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हाथीकडक़ला में रोका। एमडीडीए सचिव के खिलाफ कार्रवाई समेत विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोशित कार्यकर्ताओं की पुलिस से बैरेकेडिंग पर नोंकझोंक और धक्कामुक्की हुई। पुलिस ने आगे नहीं जाने दिया तो सडक़ पर ही धरने पर बैठ गए। एक घंटा घरने के बाद घोषणा की यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा। बुधवार को हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ता बहल चौक के पास एकत्र हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए सीएम आवास कूच शुरू किया। हाथीबडक़ला पुलिस चौकी के पास बैरेकेडिंग लगाकर कूच को रोका गया। यहां प्रदर्शनकारियों की पुलिस से खूब नोंकझोंक हुई। प्रदर्शनकारियों ने बैरकेडिंग को धकेलकर आगे बढऩे की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने डंडों के बल पर सभी को रोका, इस दौरान खूब धक्का-मुक्की भी हुई। इससे खफा प्रदर्शनकारी सडक़ पर ही धरने पर बैठ गए। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में अफसरशाही बेलगाम है। जिला प्रशासन ने डालनवाला स्थित एमडीडीए कॉलोनी में अवैध रूप से संचालित मस्जिद परिसर को सील करने के आदेश दिए थे, लेकिन एमडीडीए सचिव ने आदेश को दरकिनार करके सीलिंग की कार्रवाई पर रोक लगा दी। तब से मंच सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। चेताया कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं की जाती है तो प्रदेश भर में आंदोलन शुरू किया जाएगा। 27 से सितंबर से घर-घर जाकर साक्ष्यों के साथ पत्रक बांटे जाएंगे। देवभूमि रक्षा मंच के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# मिसाल बना ठेला वाले का बेटा मोहम्मद कासिम, जज की सम्हालेगा कुर्सी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 सितंबर , पीसीएस जे 2023 में 135वीं रैंक लाकर 29 वर्षीय मोहम्मद कासिम जज बने हैं। इनका बचपन पिता के ठेके पर गंदी धोने में बीता है। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के नखासा पुलिस थाना इलाके के रुकनुद्दीन सराय निवासी 29 वर्षीय मोहम्मद कासिम की सक्सेस स्टोरी उन युवाओं के लिए मिसाल है, जो जीवन में एक असफलता से हार मान लेते हैं। उन युवाओं को भी मोहम्मद कासिम की जिंदगी से सीख लेनी चाहिए, जो परिवार की आर्थिक तंगी को सफलता की राह में रोड़ा मानते हैं।

गरीबी की वजह से मेहनत करना छोड़ देते हैं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की नयायिक सेवा परीक्षा 2023 में 135वीं रैंक हासिल करके मोहम्मद कासिम जज बने हैं। वो भी पहले ही प्रयास में। कासिम ने वो वक्त भी देखा जब इनको पिता के ठेले पर गंदी प्लेटें धोना पड़ती थी। मीडिया से बातचीत में कासिम ने बताया कि गांव के सरकारी स्कूल से कक्षा चार तक की पढ़ाई की। फिर कक्षा छह तक की पढ़ाई वारसी जूनियर हाई स्कूल में पढ़ाई की। जेड यू इंटर कॉलेज में कक्षा 7 से 12 तक पढ़ा। कासिम बताते हैं कि साल 2008 में दसवीं कक्षा में एक बार फेल हो गया था। फिर दुबारा मेहनत की और आगे की पढ़ाई पूरी की।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री हासिल की। साल 2014 में बीए एलएलबी का एग्जाम क्वालिफाइड कर एएमयू लॉ फैकल्टी को ज्वाइन किया। देश का पहला मामला: 5 सगे भाई-बहन बन गए जज, 'जजों की खान' वाले इस परिवार की पूरी कहानी क्या है? साल 2019 में दिल्ली यूनिवर्सिटी में एलएलएम एग्जाम में ऑल इंडिया वन रैंक हासिल की। साल 2021 में एलएलएम करने के बाद यूजीसी नेट क्वालीफाई भी किया।

अब पीसीएस जे रिजल्ट में 135 रैंक हासिल की है। बता दें कि कासिम के पिता रोड किनारे ठेला लगाते हैं। बचपन में कासिम भी पिता के साथ ठेले पर काम करते थे। बर्तन धोकर पिता का काम में हाथ बंटाते थे। ठेले पर प्लेट धोने के अलावा हलीम बेचा करते थे। साल 2007-08 में खुद का ठेला लगाया। 2012 में ठेला बंद करके आगे की पढ़ाई के लिए अलीगढ़ चले गए।



# क्या होता है सिग्नेचर लोन, खाते में कैसे पहुंच जाता है तुरंत पैसा ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 सितंबर , सिग्नेचर लोन आप कोई भी काम करने के लिए बैंक से ले सकते हैं. चाहें अस्पताल का बिल भरना हो कहीं घूमने जाना हो. अगर आप चाहें, तो घर की रिपेयरिंग करने के लिए सिग्नेचर लोन ले सकते हैं. खास खास बात यह है कि इसे चुकाने के लिए बैंक आपको लंबा टाइम देता है.

आपने होम लोन, एजुकेशन लोन, पर्सनल लोन और गोल्ड लोन के बारे में सुना होगा. आपके जानने वालों में से कई लोगों ने होम लोन या पर्नल लोन ले रखा होगा. होम या पर्सनल लोन लेने के लिए बहुत ज्यादा तामझाम करना पड़ता है. अगर आपका क्रेडिड स्कोर अच्छा है और साथ ही आपकी फिक्स्ड इनकम है, तो बैंक असानी से लोन पास कर देता है. इसके लिए कुछ दस्तावेज और आईडी प्रूव बैंक में जमा करने पड़ते हैं. लेकिन, सिग्नेचर लोन के साथ ऐसा नहीं है. यह एक अलग तरह का लोन है, जो बैंक किसी व्यक्ति को उसके सिग्नेचर के बदले देता है.

खास बात यह है कि कई लोगों ने सिग्नेचर का नाम भी नहीं सुना होगा. ज्यादातर लोग होम लोन, पर्सनल लोन और एजुकेशन लोन के बारे में ही जानते हैं. लेकिन, बैंकों द्वारा सिग्नेचर लोन भी चालाया जाता है. सिग्नेचर लोन लेने के लिए, व्यक्ति को सिर्फ अपना दस्तखत करना पड़ता है और उसके खाते में लोन की राशि पहुंच जाती है. तो आइए जानते हैं आखिर सिग्नेचर लोन क्या है और किस तरह के लोगों को यह लोन मिलता है.




सिग्नेचर लोन को गुड फेथ लोन या कैरेक्टर लोन के नाम से भी जानाता है. या आसान भाषा में कहें तो यह भी एक तरह का पर्सनल लोन होता है. इस लोन को बैंक बिना किसी कोलेटरल के जारी करते हैं. लेकिन इसका रेट ऑफ इंटरेस्ट होम लोन, पर्सनल लोन या एजुकेशन लोन से भी ज्यादा होता है. हालांकि, क्रेडिट कार्ड की ब्याज दर से इसका रेट ऑफ इंटरेस्ट कम ही रहता है.

**गारंटर को बैंक कब खोजता है**

सिग्नेचर लोन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस लोन को देने से पहले बैंक कस्टमर का क्रेडिट हिस्ट्री चेक करते हैं. जब बैंक को पूरा विश्वास हो जाता है कि लोन लेने वाला शख्स आसानी से कर्ज चुका देगा, तभी वह लोन पास करता है. वहीं, कई बार बैंक सिग्नेचर लोन देने से पहले साथ एक गारंटर का सिग्नेचर भी लेता है. हालांकि लोन देने के बाद गारंटर को बैंक तब खोजता है, जब लोन लेने वाला ईएमआई नहीं भरता है.

## संक्षिप्त खबरें

### गौसदनों के निर्माण में तेजी के निर्देश

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में निराश्रित गौवंशीय पशुओं के लिए गौसदनों के विस्तार एवं निर्माण के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रदेश में गौसदनों के विस्तार एवं निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश को गौसदनों की दृष्टि से सैचुरेट करना है। उन्होंने प्रदेश के सभी स्थानीय निकायों को शीघ्र से शीघ्र गौसदनों का विस्तारीकरण एवं स्थापना आदि कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौसदनों तक पशुओं को ले जाने के लिए हाईड्रॉलिक वाहनों की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि जहां नए गौसदनों का निर्माण होना है उसके भूमि चिन्हांकन के कार्य सहित डीपीआर तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए। जिला योजना में भी गौसदनों के लिए बजट मद की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम एवं निदेशक शहरी विकास श्री नितिन सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 24 सितंबर को लोनिवि-सिंचाई कर्मचारियों की बैठक

देहरादून। लोनिवि-सिंचाई संयुक्त कर्मचारी संघर्ष मोर्चा की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। इसके साथ ही 24 सितंबर को यमुना कॉलोनी स्थित सिंचाई विभाग मेट संघ कार्यालय में बैठक बुलाई गई। इसमें पुरानी पेंशन, गुच्युटी समेत विभिन्न समेत कई मांगों पर चर्चा होगी। बैठक में दोनों विभागों के कर्मचारी और संघों के पदाधिकारियों से उपस्थित रहने की अपील की गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबू खान, महामंत्री बर्खूलाल मौर्य, जयपाल सिंह, विजय पांडेय, माया देवी, उषा देवी, रमा देवी, रामराज, ऋषिपाल, विजेंद्र गुसाई, ब्रह्मपाल जय सिंह, किशनलाल भट्ट, आनंद सिंह रावत, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

### डेंगू नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की

देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा ने वीसी के माध्यम से डेंगू नियंत्रण एवं प्रभावी रोकथाम हेतु नगर निगम क्षेत्र हेतु नियुक्त किये गए अधिकारियों से डेंगू नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने वार्डवार नियुक्त अधिकारियों से वार्डवार डेंगू नियंत्रण कार्यवाही एवं रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अधिकारी अपने-2 क्षेत्रों में सघन अभियान चलायें। उन्होंने निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान प्रत्येक कार्मिकों द्वारा अपने आंवटित घरों में ऐसे स्थानों जहाँ डेंगू का लार्वा पनप सकता है, उनकी सफाई करवाएं तथा स्थानीय लोगों को जागरूक ताकि वे स्वयं भी अपने घरों एवं आसपास डेंगू के लार्वा को नष्ट कर सकें। जिन संस्थानों एवं घरों में लार्वा पाया जा रहा है उनपर अर्थदण्ड की कार्यवाही करें।

# कोटद्वार में लग रहा रोजगार मेला, मौके पर 500 से ज्यादा पदों पर होगी सीधी भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 21 सितम्बर : बेरोजगार युवा ध्यान दें कोटद्वार में जल्द ही रोजगार मेले का आयोजन होने वाला है। जिसमें 500 से ज्यादा पदों पर सीधी भर्ती के जरिए युवाओं को नौकरी दी जाएगी। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लैंसडाउन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तराखंड युवा महोत्सव के तहत तहसील कोटद्वार में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला 24 सितंबर को सुबह 10 बजे से श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज, देवी रोड कोटद्वार में आयोजित होना है।

इस में विभिन्न कंपनियां हिस्सा लेंगी। रोजगार मेले के माध्यम से इन कंपनियों में हेल्पर, ऑपरेटर, ट्रेनी, असिस्टेंट मैनेजर, ड्राइवर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फार्मासिस्ट, सिक्योरिटी गार्ड समेत अलग-अलग पदों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। अब शैक्षिक योग्यता भी नोट कर लें। मेले में हाईस्कूल, इंटर पास युवाओं के साथ ही आईटीआई, ग्रेजुएशन, डिप्लोमा, बी फार्मा, एम फार्मा, बीएएमएस कर चुके युवा हिस्सा ले सकते हैं। रोजगार मेले के माध्यम से 500 से ज्यादा युवाओं को रोजगार का अवसर दिया जाएगा।

मेले में आने वाले युवाओं के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ मूल प्रमाण पत्र व छाया प्रतियों, सीवी, 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ मेले में उपस्थित रहें। साथ ही अभ्यर्थियों का सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लैंसडाउन में संपर्क कर सकते हैं।



# देहरादून से बदरीनाथ-केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 सितम्बर : मौसम साफ होते ही चारधाम यात्रा एक बार फिर रफ्तार पकड़ने लगी है। श्रद्धालु बड़ी तादाद में बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम के लिए जौलीग्रांट से हेलीकॉप्टर सेवा दोबारा शुरू कर दी गई है। बीते दिन हेली सेवा में जौलीग्रांट से कुल 18 श्रद्धालु दो धामों के लिए रवाना हुए।

रुद्राक्ष एविएशन का एमआई-17 सीरीज का डबल इंजन बीस सीटर हेलिकॉप्टर जौलीग्रांट एयरपोर्ट से पहले बदरीनाथ के लिए उड़ान भरेगा। बदरीनाथ के दर्शन कराकर हेलीकॉप्टर वापस गुप्तकाशी में लैंड होगा। गुप्तकाशी से एक छोटे हेलीकॉप्टर में सभी श्रद्धालुओं को केदारनाथ दर्शनों को ले जाया जाएगा। वापस गुप्तकाशी आने पर एमआई-17 से श्रद्धालुओं को वापस जौलीग्रांट लाया जाएगा।जौलीग्रांट से दो धामों के लिए आवाजाही करने में हेलीकॉप्टर को कुल दो घंटों का समय लगता है। कंपनी का हेलीकॉप्टर बीती शाम पांच बजे के लगभग एसडीआरएफ के हेलीपैड पर लैंड हुआ। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उड़ान की सभी तैयारियां पूरी हैं। तीस अक्टूबर तक के लिए बड़ी संख्या में बुकिंग भी मिली है।

बता दें कि रुद्राक्ष एविएशन ने इसी साल चारधाम यात्रा के दौरान एक मई से दो धामों के लिए 18 सीटर हेलीकॉप्टर से उड़ान शुरू की थी। मानसून काल शुरू होने पर बीस जून के बाद इस सेवा को बंद कर दिया गया था। अब क्योंकि बारिश का दौर काफी हद तक थम गया है, इसलिए हेलिकॉप्टर सेवा दोबारा शुरू कर दी गई है। हेली सेवा शुरू होने से यात्रियों का सफर आसान हुआ है। हेली सेवाओं को लेकर श्रद्धालुओं में खूब उत्साह देखा जा रहा है।





## महिला प्रीमियर लीग में अल्मोड़ा की जासिया ने जड़ा पहला शतक

देहरादून। वूमेंस उत्तराखंड प्रीमियर लीग में अल्मोड़ा फ्लेमिंग बर्ड की कप्तान जासिया अख्तर लीग का पहला शतक जुड़ा। जासिया ने 56 गेंदों में चार छक्के व 16 चौकों की मदद से 107 रनों की नाबाद पारी खेली। जासिया के शतक से अल्मोड़ा फ्लेमिंग बर्ड ने चमोली प्रिंसेस को 90 रनों हराया। दूसरे मुकाबले में देहरादून क्वींस ने नैनीताल पैंथर्स को चार विकेट से हराया। अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी में चल रही लीग में अल्मोड़ा फ्लेमिंग बर्ड और चमोली प्रिंसेस के बीच मुकाबला खेला गया। अल्मोड़ा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 148 रन बनाए। कप्तान जासिया अख्तर ने नाबाद 107 रन बनाए। नीलम ने 20 रनों की पारी खेली। चमोली प्रिंसेस की सभ्या को एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चमोली प्रिंसेस कमजोर शुरुआत के चलते 14.3 ओवर में 58 रनों पर ढेर हो गई। टीम के लिए कंचन परिहार ने सर्वाधिक 25, मानसी जोशी ने 13 रन बनाए। अल्मोड़ा फ्लेमिंग बर्ड के लिए अंजली कठैत ने तीन, रूचि चौहान ने दो, जेसल व सेफिना ने एक-एक विकेट लिया। देहरादून क्वींस और नैनीताल पैंथर्स के बीच खेले गए दूसरे मुकाबले में पहले खेलने उतरी नैनीताल पैंथर्स ने करीना नेगी 19, राघवी बिष्ट 18 व पूनम राउत 14 के दम पर 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 78 रन बनाए। देहरादून क्वींस के लिए एकता बिष्ट ने चार, तानिया, राधा व प्रिया ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देहरादून क्वींस ने 18.1 ओवर में 79 रन बनाकर मुकाबले को चार विकेट से जीत लिया। कप्तान एकता बिष्ट ने नाबाद 27, मनीषा कुमार ने 25 रनों की पारी खेली। नैनीताल पैंथर्स के लिए साक्षी जोशी ने दो, पूनम राउत व डिंपल कंडारी ने एक-एक विकेट लिया।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह ने किया दून अस्पताल में जन औषधि केंद्र के नए कक्ष का उद्घाटन

देहरादून। दून अस्पताल में जन औषधि केंद्र के नए कक्ष का स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने उद्घाटन किया। इसका संचालन जिला रेडक्रास की ओर से किया जा रहा है। मंत्री ने रेडक्रास को मसूरी के सेंटमैरी अस्पताल और नागथात अस्पताल के संचालन की जिम्मेदारी देने की भी घोषणा की। डॉ. धन सिंह रावत जी ने कहा कि रेडक्रॉस के कार्यों की तारीफ की। साथ ही रेडक्रास के सभी सदस्यों से अपेक्षा की कि वह अपने स्तर पर आयुष्मान और आधार कार्ड बनाने के लिए 10-10 लाभार्थियों का चयन करें, साथ ही ब्लड डोनेशन के लिए भी लोगों को जोड़ें और उन्हें रेडक्रास की सदस्यता के लिए चयनित करें। उन्होंने जिला रेडक्रास सोसाइटी को एंबुलेंस देने की भी घोषणा की। देहरादून शाखा के चेयरमैन डॉ. एमएस अंसारी ने कहा गया कि दून अस्पताल में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र को चार साल बाद अपना कक्ष मिला है। उन्होंने सभी डॉक्टरों से अपील की है कि जन औषधि केंद्र की जेनेरिक दवाइयां लिखें, ताकि जरूरतमंद लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंच सके। विशिष्ट अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी विचार रखे और मुसीबत के समय रेडक्रास के योगदान की चर्चा की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना, सीएमओ डॉ. संजय जैन, एमएस सीएमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल, नोडल अधिकारी तपन शर्मा, रेडक्रास के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहन खत्री, सुभाष सिंह चौहान, कल्पना बिष्ट, अनिल वर्मा, पद्मिनी मल्होत्रा, योगेश अग्रवाल, विकास गुप्ता, डॉ. शिफाअत अली, रूपाली शर्मा अन्य मौजूद रहे।

## गोल्डन कार्ड की खामियों के खिलाफ पेंशनर्स ने खोला मोर्चा

देहरादून। गोल्डन कार्ड की खामियों के खिलाफ सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। नौ अक्तूबर से चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। चरणबद्ध आंदोलन में स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव करने समेत मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज विरोध जताया जाएगा। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में अध्यक्ष वीरेंद्र कृषाली ने कहा कि पेंशनर्स को सिर्फ झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं। कोई मांग पूरी नहीं की जा रही है। जिन पेंशनर्स ने गोल्डन कार्ड योजना में नहीं का विकल्प दिया है, उन्हें दोबारा योजना में शामिल होने का अवसर दिया जाए। पेंशनर्स से कटौती 50 प्रतिशत, पारिवारिक पेंशनर्स से 30 प्रतिशत की जाए। आईपीडी की तर्ज पर ओपीडी की सुविधा दी जाए। ओपीडी में फ्री दवाई और फ्री जांच सुविधा दी जाए। कहा कि पेंशनर्स का सबसे अधिक खर्च इन मदों पर हो रहा है। ओपीडी, दवाई और जांच पर बहुत अधिक खर्च हो रहा है। यदि ये सुविधाएं गोल्डन कार्ड में मिले, तो बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही गोल्डन कार्ड की अन्य विसंगतियों को भी दूर किया जाए।

## कर्णप्रयाग के गांवों में नंदा पाती की धूम

चमोली। विकासखंड के कई गांवों में नंदा पाती महोत्सवों की धूम है। नौ दिनों तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में ग्रामीण नंदा मां को प्रसन्न करने और गांव की खुशहाली के लिए मनौती मांगते हैं। विकासखंड के मैखुरा, सुनाली, खंडूड़ा सहित कई गांवों में नंदा पाती का आयोजन किया जा रहा है। सुनाली में चल रहे नंदा पाती महोत्सव में बुधवार को हिंडोली में मां दशमद्वार के निशान और छत्र सुनाली गांव पहुंचे। इस दौरान पारंपरिक नंदा के जागरों से पूरा कोट क्षेत्र गुंजायमान रहा। सुनाली निवासी और जिपंस सदस्य लक्ष्मण सिंह बिष्ट, दिग्पाल सिंह, मनोज रावत ने बताया कि सुनाली में नौ दिनों तक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## एसपी ने विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया

चमोली। चमोली जिले की नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक रेखा यादव से जिला मुख्यालय गोपेश्वर के व्यापार संघ गोपेश्वर, प्रान्तीय रक्षक दल चमोली, बाल कल्याण समिति, अरिहन्त अस्पताल चमोली के पदाधिकारियों ने पुलिस कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। पुष्प गुच्छ देकर उन्हें पुलिस अधीक्षक चमोली का कार्यभार ग्रहण पर स्वागत किया। एसपी रेखा यादव ने प्रतिनिधियों से विभिन्न मुद्दों और विषयों पर जानकारी ली। लोगों ने युवाओं में नशे के बढ़ते प्रचलन, यातायात व्यवस्था जैसी समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्यवाही करने के कदम उठाने की बात कही ।

## शस्त्र सत्यापन के लिए पुलिस ने किया जागरूक

चमोली। शस्त्र सत्यापन के लिए कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को नगर में जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शस्त्रधारकों को अपने शस्त्रों का पंजीकरण स्थानीय थाने में करना आवश्यक है। पुलिस कर्मियों ने सत्यापन अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## बीईओ दुगड्ड़ा को ही सौंपा उपशिक्षाधिकारी का चार्ज

पौड़ी। उपशिक्षाधिकारी दुगड्डा का दायित्व भी खंडशिक्षाधिकारी दुगड्डा को ही सौंपा गया है। अभी तक उपशिक्षाधिकारी दुगड्डा का दायित्व बीईओ जयहरीखाल के पास थे। सीईओ दिनेश चंद्र गौड़ ने बताया कि बीईओ जयहरीखाल से उपशिक्षाधिकारी दुगड्डा का प्रभार हटाते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने इस दायित्व को हटाने का अनुरोध किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीयकरण को लेकर छात्रों ने दिया धरना

नई टिहरी। राजकीयकरण की मांग को लेकर बालगंगा महाविद्यालय सेंदुल के छात्रसंघ पदाधिकारियों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर दिया। छात्रों ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। बुधवार को बालगंगा महाविद्यालय सेंदुल के छात्रसंघ पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए महाबिद्यालय के मुख्य गेट पर धरना शुरू कर दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के राजकीयकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष आशुतोष बिष्ट के नेतृत्व में छात्रसंघ पदाधिकारी धरने पर बैठे। छात्रों ने प्रबंध समिति पर छात्रों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि, वर्षों से छात्र एवं शिक्षक कालेज को प्रबंधकीय व्यवस्था से हटाकर राजकीयकरण की मांग कर रहे है। उनकी मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने कालेज के राजकीयकरांकि घोषणा की थी। लेकिन प्प्रबन्ध समिति अपनी संस्तुति नही दे रही है। कई बार छात्रसंघ की ओर से प्रबंध समिति व प्रशासन को ज्ञापन दिया गया, लेकिन समिति सरकारी हाथों में देने को तैयार नहीं है तथा छात्रों को लगातार गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं व शिक्षकों का अभाव बना हुआ है लेकिन राजकीयकरण के बाद भवन व अन्य सुविधाओं में सुधार होगा। छात्रसंघ अध्यक्ष ने मांगो पर कार्यवाही न होने पर चमियाला-घनसाली मोटरमार्ग पर चक्काजाम करने के साथ ही आमरण अनशन की चेतावनी दी। धरने पर बैठने वालों में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विकास सेमवाल, आशीष मेहरा, नैंसी आदि शामिल रहे।

राजकीयकरण के विरोध में भी उतरे छात्रः उधर राजकीयकरण के विरोध में कुछ छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के प्राचार्य वीसी उनियाल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में 20 से अधिक छात्रों ने कहा कि, जिले में राजकीय महाविद्यालयों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। जहां पर शिक्षा का स्तर बहुत ही निम्न है, जिस कारण छात्र संख्या भी काफी कम है। जबकि महाविद्यालय सेंदुल में करीब 650 रेगुलर छात्रों की संख्या है तथा 15 विषयो में पूर्ण शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद है। उन्होंने कहा कि राजकीय होने के बाद शिक्षा के स्तर में गिरावट आएगी। जो कि छात्रहित में नही है। ज्ञापन सौंपने वालो मे प्रियांशु,अर्जुन सिंह,कविता,निकिता, विकास ,खेम सिंह सहित 20 से अधिक छात्र छात्राएं शामिल थे

### सडक़ पर बने गड्ढे दे रहे हादसों को न्यौता

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के थत्यूड़-ढाणा मोटरमार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। वहीं सडक़ के किनारो पर नालियां नहीं होने से बरसाती पानी बीच सडक़ पर बहता है, जिससे मोटरमार्ग पर आवाजाही करने वाले वाहनों व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थत्यूड़-ढाणा मोटरमार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे, आम नागरिक, सीएचसी तथा वन विभाग के रेंज कार्यालय आने वाले लोग सफर करते हैं। मोटरमार्ग पर बने गड्ढे लोगों के लिए परेशानियों का सबब बने हुए हैं। मोटरमार्ग से सरस्वती शिशु मंदिर, एलिट स्कॉलर होम स्कूल, राजकीय इंटर कॉलेज, गुरु राम राय स्कूल जाने वाले बच्चे सफर करते हैं। कई बार सडक़ चलने वाली गाडियों से कीचड़ और पानी बच्चों की स्कूल ड्रेस के ऊपर पढऩे से बच्चों को वापस अपने घर जाना पड़ता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार का कहना है कि, बीते अगस्त माह में जौनपुर विकास मंच की ओर से मोटरमार्ग के सुधारीकरण के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया, लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस संबंध में पूर्व जेष्ठ उपप्रमुख महिपाल सिंह रावत, जगत असवाल ने लोक निर्माण विभाग के ईई लोकेश सारस्वत को ज्ञापन सौंप कर सडक़ के सुधारीकरण की मांग की। उधर लोक निर्माण विभाग के ईई का कहना कि, सडक़ सुधारीकरण को लेकर शासन को एस्टीमेट भेजा हुआ है, स्वीकृति मिलने पर शीघ्र कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### ग्रामीणों ने ईई के समक्ष रखी समस्याएं

नई टिहरी। प्रतापनगर के ग्राम पंचायत सिलोड़ा में ईई ऊर्जा निगम की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने गांव में झूलती विद्युत लाइनों, प्राथमिक विद्यालय में लटके हुए पेड़ों सहित अन्य समस्याएं रखीं। बुधवार को सिलोड़ा गांव में आयोजित बैठक में ईई ऊर्जा निगम अमित आनंद के समक्ष ग्रामीणों ने शिकायतें रखी। राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार ने कहा कि साल 2005 से स्वीकृत खम्माखाल-सिलोड़ा मोटर मार्ग की समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि सीमांत गांव होने तथा गांव में सडक़ सुविधा न होने के कारण लोगों को पैदल जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने गांव के लिए पंचायत भवन स्वीकृत होने के बावजूद भूमि चयन न होने की भी शिकायत रखी। मौके पर प्रधान प्रमिला देवी, सहायक अभियंता, सद्दाम अली, अवर अभियंता अवनीश शर्मा, विजय मटियाल, शूरवीर सिंह राणा, प्रेम सिंह राणा, मुंशी सिंह राणा, राय सिंह राणा, कल्याण सिंह राणा, दयाल सिंह राणा, उत्तम सिंह, चंदन सिंह, सूरज सिंह, बिशन सिंह, बलवीर सिंह राणा, रुशना देवी, बलमा देवी, बचन देवी, गोवली देवी, रानी देवी आदि मौजूद रहे।

# ‘मुझमें है दम नही किसी से कम’, चमोली पुलिस की पहल

## स्कूली छात्राओं में आत्मविश्वास एवं सुरक्षा की भावना जाग्रत करेगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली , 21 सितंबर , पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव(IPS) के निर्देशन में चमोली पुलिस महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में जनपद पुलिस की गौरा शक्ति टीम द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गोपेश्वर की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें म0हे0कां0 पूनम रानी व महिला आरक्षी प्रियंका द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाकर उन्हें आत्मरक्षा हेतु सुदृढ़ करते हुये प्रगति के पथ पर निडर होकर अग्रसर होने हेतु सक्षम बनाया जा रहा है, जिससे जनपद की सैकड़ों छात्रायें लाभान्वित हो रही है।

**कार्यक्रम में छात्राओं को कई जानकारी प्रदान की गयी-**

Self Defence Training/UAC (Un Armed Combat) का प्रशिक्षण दिया गया। गुड टच बेड टच के अन्तर के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल साइट्स का गलत इस्तेमाल करते हुये छात्राओं के साथ फेक आईडी बनाकर ब्लैकमेल जैसी घटनाये की जाती है इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिये छात्राओं को साईबर सेफ के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। पोक्सो एक्ट/Legal Rights के बारे में जानकारी दी गयी, जिससे स्कूली छात्राओं में सुरक्षा की भावना जागृत होगी एवं विपरीत परिस्थितियों में बहादुरी से सामना करने में सहायक होगी। “ऑपरेशन मर्यादा” अभियान के तहत छात्राओं को धार्मिक स्थलों में मर्यादित वस्त्रों को धारण कर ही जाने हेतु कहा गया।

छात्राओं को बताया की यदि कोई व्यक्ति उनके साथ अपमानजनक व्यवहार या छेड़छाड़ करता है तो इस तरह की घटना को कदापि नजर अंदाज न करें, इसकी सूचना तत्काल अपने परिजनों और पुलिस को दें। इस दौरान ललित मोहन विष्ट प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# हल्द्वानी : नहर में रील बना रही महिला बही, 3 किलोमीटर दूर मिली लाश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 21 सितम्बर : हल्द्वानी में सिंचाई नहर में उतर कर फोटोग्राफी और वीडियो शूट कर रही महिला को अपनी जान गंवानी पड़ गई। महिला इन दिनों अपने रिश्तेदार के घर आई हुई थी। बीते दिन वो सिंचाई नहर के पास तेज बहाव में फोटोग्राफी कर रही थी, इसी दौरान महिला का पैर फिसला और वो तेज बहाव में बहती चली गई। आनन-फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने महिला का शव बरामद कर लिया है। मरने वाली महिला का नाम शिवानी है, वो फिरोजाबाद की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि शिवानी की शादी को अभी एक साल ही हुआ था, उसका एक छोटा बच्चा भी है। अचानक हुए हादसे के बाद बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया।

घटना काठगोदाम क्षेत्र की है। जहां एक महिला गौला नदी के पास सिंचाई नहर के तेज बहाव में बह गई। एसडीआरएफ और जल पुलिस ने महिला का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद किया। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त महिला नहर किनारे फोटोग्राफी और वीडियो शूट कर रही थी, इस दौरान वह नदी में बह गई। उस वक्त महिला काठगोदाम बैराज से आगे रेलवे लाइन को जाने वाली नहर में फोटोग्राफी और वीडियो शूट करने के लिए पानी में उतरी थी। तभी तेज बहाव महिला को अपने साथ बहा ले गया। महिला को बहता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। घंटों तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुलिस ने महिला का शव घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर शीश महल के पास से बरामद किया।

# आश्वासन के बाद तीर्थपुरोहितों का अनशन स्थगित

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में चल रहा तीर्थपुरोहितों का आमरण अनशन बुधवार को प्रशासन से वार्ता के बाद स्थगति हो गया। प्रशासन द्वारा 15 अक्तूबर तक तीर्थपुरोहितों को भवन एवं भू-स्वामित्व देने को लेकर लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन खत्म किया गया। वहीं तीर्थपुरोहितों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित तिथि तक यह कार्य नहीं किया गया तो फिर 16 अक्तूबर से उसी स्थान पर आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। बीते पांच दिनों से केदारनाथ धाम में तीर्थपुरोहितों को भू-स्वामित्व सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन चलाया जा रहा था। जिसको लेकर तीन दिनों से आमरण अनशन चल रहा था। हालांकि बीती रात कमल तिवारी की तबियत बिगडने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया और फिर वह बुधवार सुबह आंदोलन स्थल पर पहुंच गए। वहीं उनकी जगह संजय तिवारी और संदीप शर्मा अनशन पर बैठे थे। इधर, प्रशासन लगातार तीर्थपुरोहितों से वार्ता की पेशकश करता रहा। बुधवार को अपर मुख्य कार्याधिकारी केदारनाथ विकास प्राधिकरण योगेंद्र सिंह एवं तहसीलदार ऊखीमठ दीवान सिंह राणा तीर्थपुरोहितों से वार्ता करने धरना स्थल पहुंचे। करीब एक घंटे की वार्ता के दौरान प्रशासन की ओर से तीर्थपुरोहितों को लिखित आश्वासन दिया गया कि 15 अक्तूबर 2023 तक भूमि, भवन आवंटन के साथ ही भूस्वामित्व का अधिकार दिया जाएगा। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद आमरण अनशनकारियों को जूस पिलाकर उनका अनशन खत्म करवाया गया। इधर, केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि यदि 15 अक्तूबर तक लिखित आश्वासन के अनुसार कार्रवाई नहीं की गई तो 16 अक्तूबर से फिर उसी स्थान पर तीर्थपुरोहित आमरण अनशन शुरू करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### डबल इंजन ने उत्तराखंड का किया विकासः चौहान

नई टिहरी। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार पूरी तत्परता से काम कर रही है। अंतिम व्यक्ति तक राज्य व केंद्र की चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उत्तराखंड युवाओं के लिए रोजगार सृजन के मामले में दूसरे नंबर का राज्य बन गया है। भाजपा जिला कार्यालय नई टिहरी में चौहान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के विकास कार्य जनता के मुंह चढक़र बोल रहे हैं। जिसका परिणाम है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटें पीएम मोदी को समर्पित होंगी। तीसरी बार मोदी को पीएम बनाने में उत्तराखंड की जनता का पूरा योगदान रहेगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने नकल विरोधी कानून लाकर युवाओं को दिल जीतने का काम किया है और नौकरी की दलाली करने वालों की कमर तोड़ी है। लगातार युवाओं को सरकारी नौकरियों से जोडने का काम किया जा रहा है। इस साल के अंत तक धामी 25 हजार युवाओं को जहां सरकारी से नौकरी देने का काम करेंगे, वहीं लाखों युवाओं के लिए विभिन्न सेक्टर में रोजगार सृजन करेंगे। अब तक धामी 12 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं। पीएम मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। जिसका परिणाम है की राज्य में रेल, सडक़, बिजली, पानी औ स्वास्थ्य से जुड़ी केंद्रीय योजनाओं का लाभ तेजी से प्रदेश को मिल रहा है। सीएम धामी ने 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वाधिक विकसित राज्य बनाने का जहां निर्णय लिया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, महामंत्री उदय रावत, राजेंद्र जुयाल, विजय कठैत, सोहन खंडेवाल, कुलदीप रावत, चंडी बेलवाल, शीशराम थपलियाल सहित दर्जनों मौजूद रहे।

### विवेकानंद नेत्रालय में 65 लोगों की हुई नेत्र जांच

रुद्रप्रयाग। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद नेत्रालय द्वारा रोटरी क्लब नार्थ मुंबई के सहयोग से मुख्यालय में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। विवेकानंद विजन सेंटर रुद्रप्रयाग में आयोजित कार्यक्रम में 65 लोगों की नेत्र जांच की गई जिसमें 47 लोगों को दवाई वितरण की गई जबकि 19 लोगों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए विवेकानंद नेत्रालय देहरादून ले जाया गया। इस दौरान भी सारी व्यवस्थाएं निशुल्क रहेगी। संस्था के उपाध्यक्ष स्वामी स्वस्वरूपानंद द्वारा प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम को लेकर निक्षय मित्र के रूप में 20 टीवी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव स्वामी असीमात्मानंद ने जानकारी देते हुए बताया कि रामकृष्ण मिशन देहरादून द्वारा सदैव निस्वार्थ भाव से क्षेत्र मे कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2013 की आपदा मे राहत कार्य, निशुल्क नेत्र कैंप, निक्षय मित्र कार्यक्रम, विवेकानंद विजन सेंटर रुद्रप्रयाग व गुप्तकाशी का संचालन। पीजी कॉलेज मे बालिकाओं के लिए मां सारदा बालिका आवास व विवेकानंद पीजी ब्लॉक का निर्माण, कोविड महामारी के समय कोविड केयर सेंटर का संचालन एवं दुर्गम गांव में निशुल्क डोर टू डोर कोविड वेक्सीनेसन, डोर टू डोर आंखो का सर्वेक्षण आदि कार्य किए गए। यह सभी सेवा कार्य महान दानिदाताओं के सहयोग से संभव हो रहे हैं जिसमें रोटरी क्लब एवं रोटरी क्लब नार्थ मुंबई की मुख्य भूमिका हैं। इस मौके पर तेज बहादुर (आउटरीच मैनेजर) विवेकानंद नेत्रालय, मुख्य नेत्र विशेषज्ञ हनुमंत पंवार, शुभम हुई, अनुप पंवार, अनिल राणा आदि मौजूद थे।

### पुरानी पेंशन बहाली को एकजुटता की अपील

रुद्रप्रयाग। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आन्दोलन (एनएमओपीएस) को लेकर 1 अक्तूबर को बड़ी संख्या में कर्मचारी दिल्ली के रामलीला मैदान में ऐतिहासिक महारैली में एकत्रित होंगे। इसलिए सभी मिलकर आंदोलन को मजबूती दें न कि कमजोर करने को कोई भी प्रयास करें। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के गढ़वाल मंडल महामंत्री डा. देवेन्द्र सिंह फरस्वाण ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक पूरे देश से एनपीएस कर्मचारी आंदोलित हैं। अपने बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन ओपीएस के लिए 1 अक्टूबर को दिल्ली रामलीला मैदान में होने वाली भव्य और विराट महारैली में शामिल होंगे।

# लोगों की इन बातों को सुनते ही चिढ़ जाती हैं ऑफिस जाने वाली मांएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 सितम्बर : मांओं की जिंदगी बिलकुल भी आसान नहीं होती है और अगर आप वर्किंग मदर हैं, तो आपके लिए तो मुश्किल डबल होंगी। वर्किंग मदर्स से अक्सर कुछ सवाल पूछे जाते हैं जिन्हें सुनकर शायद उनका मूड खराब हो जाता है। समाज ने कुछ नियम बनाए हैं जिनके अनुसार औरतों को घर संभालना है लेकिन आज की महिलाओं को घर संभालने के साथ-साथ घर चलाना भी होता है। किसी मां से ये पूछना कि उसे कैसा लगता है जब वो अपने बच्चे को घर पर अकेला छोड़कर ऑफिस जाती है, इस तरह के सवाल पूछना औरतों की भूमिका को सीमित करना और उनकी प्रतिभा को कम आंकने जैसा लगता है।



यहां हम आपको कुछ ऐसे सवालों के बारे में बता रहे हैं जो एक वर्किंग मदर से अक्सर पूछे जाते हैं लेकिन उनके दिल को काफी चुभते भी हैं।


जो औरत घर से बाहर निकल कर काम करती है, उनसे अक्सर ये उम्मीद की जाती है कि वो अपने पति से काम करने की इजाजत लेकर आती है। भले ही किसी घर में ऐसा ना होता है लेकिन फिर समाज तो उसे उसी नजर से देखता है। एक औरत का करियर तभी टिक सकता है, जब उसका पति उसे परमिशन दे।आज भी कई लोगों की ऐसी ही सोच है। इसके अलावा औरतों से ये सवाल भी पूछा जाता है कि क्या उनकी सैलरी उनके पति से ज्यादा है। अगर पत्नी की इनकम अपने पति से कम हो या बहुत ज्यादा कम हो, तो उसके नौकरी करने पर सवाल उठा दिए जाते हैं। अगर पैसा कम मिल रहा है, तो काम करने की क्या जरूरत है, इससे तो बेहतर है घर पर बैठो। कई लोग औरतों से इस तरह की बातें करते हैं।

किसी औरत के सपने को नीचे गिराने का ये एक और तरीका है। आप लगातार उनके दिमाग में ये भर रही हैं कि उनका करियर उनकी पहली नहीं बल्कि दूसरी प्राथमिकता होनी चाहिए। अपने पैशन को पूरा करने वाली हर औरत से शायद हर दिन कोई ना कोई ये सवाल तो पूछ ही लेता है। सोसायटी ये नहीं समझ पा रही है कि एक औरत एक साथ एक कंपनी की सीईओ होने के साथ-साथ एक अच्छी मां भी बन सकती है।हर औरत से ये सवाल पूछा जाता है जो शायद सबसे ज्यादा तकलीफ देता हो। जब आपको ऑफिस में बेस्ट इंप्लॉयी के साथ-साथ बेस्ट मदर का रोल भी निभाया हो, तो कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, ये तो बस एक औरत ही जानती है।

## श्रीनगर में कर्मी हड़ताल पर, लगे कूड़े के ढेर

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। आउटसोर्स सफाई कर्मियों के कार्य बहिष्कार से स्थिति और दयनीय होती जा रही है। नर्सरी रोड, न्यू कमलेश्वर मोहल्ला, प्रगति विहार सहित कई मोहल्लों में नियमित साफ-सफाई न होने से कूड़ा इधर-उधर बिखरे होने से बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन सेजल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका श्रीनगर के नगर निगम बन जाने के बाद व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन नगर निगम प्रशासन की लापरवाही से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई व्यवस्था गड़बड़ाने के साथ ही शहर के आंतरिक मार्गों की स्थिति दयनीय हो गई है। जगह-जगह मार्गों पर गड्ढे पड़े होने से लोगों को वाहन एवं पैदल आवाजाही करने में दिक्कतें हो रही हैं। गड्ढों में दुर्घटना का भय बना हुआ है। कई जगहों पर सीवर के मेन होल भी क्षतिग्रस्त हैं। जिससे दुर्गंध फैल रही है। हाल ही में श्रीनगर में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हाल ही में जिलाधिकारी के निर्देश पर इसके प्रभावी रोकथाम एवं प्रचार-प्रसार के लिए नगर निगम ने रोस्टर तैयार कर आठ टीमें गठित की थी। इन टीमों द्वारा श्रीनगर के 40 वार्डों के प्रत्येक मोहल्ले में तीसरे दिन डेंगू की रोकथाम के लिए फॉगिंग एवं एंटी लार्वा दवाइयों का छिडक़ाव किया जाना था।

## संपादकीय



### अधूरी 'नारी शक्ति-पूजा'

नया महिला आरक्षण बिल नए संसद भवन में पहले ही दिन पेश किया गया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' नामकरण के साथ बिल को पेश किया, लेकिन अभी यह अधूरा है। यह बिल लोकसभा, विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सदन में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की बात करता है, लेकिन राज्यसभा, विधान परिषद आदि में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं रखी गई है। सिर्फ अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को विभिन्न सदनों में आरक्षण मिलेगा। ओबीसी, यानी पिछड़ी, मुस्लिम और ठेठ आदिवासी महिलाओं को क्यों छोड़ दिया गया, शायद बहस के दौरान सत्ता-पक्ष यह स्पष्ट करे ! महिला आरक्षण फिलहाल 15 साल के लिए होगा। बाद में अवधि बढ़ाने का अधिकार संसद को है। बिल में यह स्पष्ट किया गया है कि पहले जनगणना होगी। उसमें कमोबेश 2 साल का समय चाहिए। जनगणना के बाद परिसीमन किया जाएगा, जिसके आधार पर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी। इसके लिए भी कम से कम 2 साल चाहिए। बिल्कुल स्पष्ट है कि 4 साल तक महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होगी। 2024 के बाद आम चुनाव 2029 में होगा। संसद के विशेष सत्र में ही महिला आरक्षण बिल दोनों सदनों में पारित कराया जा सकता है। यदि पारित होने और कानून बनने के बावजूद महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होती, तो फिर 2024 के आम चुनाव से 6-7 माह पूर्व यह बिल क्यों लाया गया ? मौजूदा सरकार मई, 2014 में आई। उसके पहले मार्च, 2010 में महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में, भाजपा के सहयोग और समर्थन से, पारित कराया गया। तब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। राज्यसभा में पारित होने के बाद बिल लोकसभा को भेजा गया, लिहाजा वह लोकसभा की प्रॉपर्टी बन गया। 2014 के चुनाव के साथ ही लोकसभा का कार्यकाल समाप्त हुआ, तो महिला आरक्षण बिल भी निरस्त हो गया। यह संसदीय व्यवस्था है और गृहमंत्री अमित शाह ने भी सदन में स्पष्ट किया है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी तथ्यात्मक रूप से गलत हैं कि वह बिल लोकसभा में अब भी जीवित है और राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्री काल में महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित कराया था। यह गलत और भ्रामक जानकारी महज राजनीतिक श्रेय की होड़ का एक हिस्सा है। दरअसल सवाल यह किया जाना चाहिए कि मई, 2014 से 2023 तक प्रधानमंत्री मोदी ने इस बिल को पारित कराने और देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी तय करने की पहल क्यों नहीं की ? अब भी बिल के साथ कई चुनौतीपूर्ण तौर-तरीके जुड़े हैं कि आखिर महिला आरक्षण लागू कैसे किया जाएगा ? दरअसल यह अधूरी नारी शक्ति-पूजा है, अलबत्ता बिल पारित किए जाने से प्रधानमंत्री और भाजपा के पक्ष में एक राजनीतिक धारणा जरूर बनेगी कि वे महिला-समर्थक हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## डीएम ने ली जल भराव व बाढ़ सुरक्षा योजना के सम्बन्ध में एक बैठक

हरिद्वार। जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गब्र्याल की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार रोशनाबाद में जल भराव व बाढ़ सुरक्षा योजना के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गब्र्याल को बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जनपद हरिद्वार में बाढ़ एवं जल भराव के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद हरिद्वार की वर्षा जल निकासी प्रणाली गंगा एवं यमुना नदी के बेसिन में स्थित है, जिसको मुख्य रूप से चार- मुख्य गंगा बेसिन, बाण गंगा बेसिन, सोलानी बेसिन तथा शिला खाला एवं काली नदी से होते हुये यमुना नदी के, सब बेसिन में विभाजित किया जा सकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों से जनपद के बाढ़ व जल भराव वाले क्षेत्रों, जल भराव के प्रमुख कारक, नालों का चिह्नीकरण व उनकी चौड़ाई, नदियों तथा नालों में सिल्ट की स्थिति, अगर कहीं सिल्ट जमा है तो उसे निकालने की प्रक्रिया तथा उसका उपयोग कहां किया जायेगा, नदी तथा नालों में अतिक्रमण की स्थिति, बाढ़ सुरक्षा में रेलवे तथा लोक निर्माण विभाग की भूमिका, जहां पर बन्धे का निर्माण किया जाना है, उसके लिये भूमि की उपलब्धता, जल भराव व बाढ़ सुरक्षा में आने वाला अनुमानित व्यय आदि विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी पहलुओं का ध्यान रखते हुये इस सम्बन्ध में तीन दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रतीक जैन, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सुश्री मंजू, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड रूडक़ी श्री पी0एल0 नौटियाल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ऋषिकुल विद्यापीठ मैदान में भगवान गणपति विराजमान

हरिद्वार। गणपति सेवा संघ ऋषिकुल विद्यापीठ मैदान में भगवान गणपति की मूर्ति की स्थापना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मदन कौशिक ने किया। व्यापारी नेता कैलाश केशवानी, डॉ. विशाल गर्ग,जगदीश लाल पाहवा ,रमणी सूद, संस्थापक अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ,ओमप्रकाश माटा पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने प्रस्तुति दी। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि गणेश उत्सव हमें बताता है कि हम सनातन धर्म से जुड़े हुए लोग हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस कप्तान की सख्ती का असर, पांच ओवरलोड वाहन सीज

हरिद्वार। कनखल पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाकर ओवरलोड निर्माण सामग्री से लदे पांच वाहन सीज किए। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने अवैध खनन को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बुधवार को एसओ कनखल नितेश शर्मा ने हरिद्वार लक्सर मार्ग पर दो ट्रक और तीन ट्रैक्टर ट्राली पकड़ ली। सभी में ओवरलोड खनिज सामग्री और ईंट भरी हुई थी। पुलिस ने वाहनों को सीज कर दिया। टीम में जगजीतपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र तोमर, एसआई उपेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल शूरवीर, प्रदीप और सतीश कोटनाला शामिल रहे।

### नारीशक्ति वंदन विधेयक पेश होने पर भाजपा महिला मोर्चे ने बांटी मिठायी

हरिद्वार। महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पेश होने पर हरिद्वार विधानसभा की भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। चंद्राचार्य चौक पर मिठाई खिलाकर खुशी जताई मनाई। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश कर महिला सशक्तिकरण की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। लोकसभा और विधानसभा में महिलाएं के लिए 33 फीसदी सीट आरक्षित होंगी। जिससे महिलाएं सशक्त रूप से आवाज उठा सकेंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अनु कक्कड़ ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए बहुत सी योजनाएं संचालित की हुई हैं। इनका लाभ भी प्रत्येक वर्ग की महिलाओं को मिल रहा है। तीनों मंडल अध्यक्ष तरुण नैयर, राजेश शर्मा, हीरा बिष्ट ने महिलाओं को बधाई दी। कार्यक्रम में अनु मृदुल सिंघल, पूनम माखन, छवि पंत, संगीता गिरी, बीना राजपूत, सुचित्रा गोयल, पार्षद सपना शर्मा, पार्षद मोनिका सैनी, पार्षद निशा नौटियाल, रेनू शर्मा, प्रीति भाटिया, मंजू रावत, लीला रावत, ममता गुप्ता, लता गोयल, रश्मि चौहान, उमा चौहान, सुषमा चौहान,सरोज जाखड़, बबीता, लता, सुमन आदि शामिल रहे।

### एआरटीओ ने बाहरी राज्यों के आठ वाहनों को किया सीज, 25 के चालान

हरिद्वार। परिवहन विभाग की टीम ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया। चारधाम यात्रा में अवैध रूप से संचालित आठ वाहनों को सीज किया गया। चारधाम यात्रा में बाहरी राज्यों के वाहनों के अवैध रूप से संचालन की जानकारी पर परिवहन विभाग की टीम बैरागी कैंप पहुंची। एआरटीओ रश्मि पंत के नेतृत्व में टीम के पहुंचते ही हलचल मच गई। कई चालक मौके से वाहन लेकर निकल गए। टीम ने बाहरी राज्यों के वाहनों के कागज जांचे। एआरटीओ ने बताया कि चालकों पर परमिट, लाइसेंस, फिटनेस आदि कागज नहीं मिले। छह टेंपो ट्रेवल और दो बस को सीज किया गया। 25 वाहनों का चालान भी किया गया।

### आप ने महिला आरक्षण बिल को चुनावी जुमला बताया

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने महिला आरक्षण बिल को चुनावी जुमला बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को महिलाओं की भलाई और कल्याण में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं, वहीं मणिपुर की घटना पर पीएम सहित पूरी भाजपा चुप्पी साध लेती है।

### सिक्किम के राज्यपाल सपरिवार शांतिकुंज पहुंचे

हरिद्वार। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य परिवार के साथ देवसंस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचे। प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने विवि में चलाए जा रहे रचनात्मक और सुधारात्मक गतिविधियों का अध्ययन किया। बाल्टिक देशों में भारतीय संस्कृति के विस्तार के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या व शैलदीदी से भेंट की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डॉ. पण्ड्या और शैलदीदी ने उन्हें गायत्री माता के चित्र और युगसाहित्य भेंट किया।

# शिखर पर धामी की लोकप्रियता, चुनावी राज्यों में बढ़ी डिमांड




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**
**देहरादून से मो० सलीम सैफ़ी की विशेष रिपोर्ट**

देहरादून , 21 सितंबर , उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनावी दौरे पर मिल रही लोकप्रियता आज उनके शिखर पर पहुंचते कद और प्रभाव का आइना है। सीएम धामी की बढ़ती लोकप्रियता और उत्तराखंड में बतौर सीएम लिए गए बड़े फैसलों के बाद से धामी की चुनावी राज्यों में डिमांड बढ़ गई है। जिसको धामी की भाजपा संगठन में बढ़ते कद के रूप में माना जा रहा है। दरअसल पुष्कर फूल भी है और फायर भी .... पुष्कर कड़क भी आक्रामक भी और यही वजह है कि अब तक के सभी मुख्यमंत्रियों में सीएम धामी ने उत्तराखंड में 2 साल के कार्यकाल में अभूतपूर्व फैसलों से देश भर में उत्तराखंड की नई और ऊँची पहचान बनाई है।

ये भी इतिहास बना जब अप्रत्याशित और चौंकाने वाले फैसले के बाद युवा विधायक पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेते हैं और 45 वर्ष की आयु में उत्तराखंड के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री बनकर दिग्गजों को पछाड़ देते हैं। वहीँ दोबारा 23 मार्च 2022 को धामी ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली। इस तरह से करीब 8 माह के पहले कार्यकाल और डेढ़ साल के दूसरे कार्यकाल को मिलाकर सीएम धामी को इस कुर्सी पर दो साल पूरे हो गए हैं। इस बीच सीएम धामी ने प्रदेश से लेकर संगठन स्तर तक अपनी एक नई छवि बनाई है। जो कि उनके विजन और विकास को लेकर किए जा रहे कार्यों विशेषकर सख्त तेवर के लिए अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए हैं।

सीएम धामी ने अब तक समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण, नकल विरोधी कानून और महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का फैसला दो साल के कार्यकाल में लिया है। जो कि उत्तराखंड के इतिहास में दर्ज हो गए। सीएम धामी का अब तक का सबसे बड़ा फैसला यूसीसी को लेकर कदम बढ़ाना है। चुनाव से पहले धामी ने यूसीसी का जनता से वादा किया और सीएम बनते ही पहली कैबिनेट में इसके लिए समिति का गठन कर अपना वादा निभाया। धामी ने नई सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट में समान नागरिक संहिता को लेकर विशेषज्ञ कमेटी बनाने का निर्णय लिया। यूसीसी को लेकर बनाई गई समिति की ओर से ड्राफ्ट को तैयार किया जा रहा है। जो कि पूरे देश के लिए नजीर बन सकता है।

सीएम धामी ने उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाओं में नकल माफियाओं की संलिप्तता सामने आई तो धामी ने अब तक का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाया। जिसके बाद से प्रदेश में नकल विहीन परीक्षाएं आयोजित हो रहे हैं। इस निर्णय के बाद से धामी की युवा सीएम की छवि पूरे देशभर में गई। संगठन ने भी इसके लिए धामी की पीठ थपथपाई है। राज्य में जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए धामी ने सबसे सख्त धर्मांतरण कानून भी लागू किया। जिसमें जबरन धर्म परिवर्तन पर 2 से 7 साल तक जेल और 25 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

**इस कानून के उत्तराखंड में लागू होने के बाद से**

छवि भी बनती जा रही है। प्रदेश में लगातार ऐसी संरचनाओं पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। जिनके जरिए अवैध तरीके से बनाकर धर्म विशेष को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उत्तराखंड युवाओं के लिए रोजगार सृजन के मामले में भी दूसरे नंबर का राज्य बन गया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने नकल विरोधी कानून लाकर युवाओं को दिल जीतने का काम किया है और नौकरी की दलाली करने वालों की कमर तोड़ी है।

लगातार युवाओं को सरकारी नौकरियों से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस साल के अंत तक धामी सरकार 25 हजार युवाओं को जहां सरकारी से नौकरी देने का काम करेंगे, वहीं लाखों युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों मे में रोजगार सृजन करेंगे। अब तक धामी 12 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं। बता दें कि सीएम धामी ने 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वाधिक विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। जिस पर सरकार तेजी से काम कर रही है। साथ ही इन निर्णयों से धामी की छवि और कद बढ़ता जा रहा है।



## भाजपा नमो ऐप कार्यकारिणी का विस्तार

रुडक़ी। भारतीय जनता पार्टी नमो ऐप के जिला संयोजक संजय अरोड़ा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिले के सभी 12 मंडलों में संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्ति की है। नवनियुक्त पदाधिकारीयों का भाजपा जिला कार्यालय पर स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि नमो ऐप विभाग के जिला संयोजक संजय अरोड़ा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए वीरेंद्र सैनी, भगवानपुर ग्रामीण में दीपक भारती, झबरेड़ा नगर में भूपेंद्र चौधरी, सुभाष नगर, सत्येंद्र कुमार, पिरान कलियर में उदित राणा, रुडक़ी पूर्वी में अनूप शांडिल्य, रुडक़ी पश्चिमी में दीपक चंचल, मंगलौर में आशीष जैन, मंगलौर ग्रामीण में सुनील राणा, खानपुर में उदित श्रीवास्तत, और लंढौरा में राजेश वर्मा को संयोजक नियुक्त किया है।

## किसानों को दी कीटनाशक से संबंधित जानकारी

रुडक़ी। ब्लॉक भगवानपुर में विकासखंड स्तरीय सहकारी किसान गोष्ठी में कीटनाशक से संबंधित जानकारियां दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्कर सिंह पोखरिया जिला सहायक निबंधक, हरिद्वार ने की। इफ्को एमसी प्रतिनिधि अंकुश चौधरी ने गन्ने में आने वाली बीमारी व उनके लिए कीटनाशक तथा अन्य फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. राम भजन सिंह उप महाप्रबंधक विपणन, इफ्को हरिद्वार ने बताया गया कि नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का प्रयोग करने से फसल में कीड़े कम लगते हैं। मिट्टी भी खराब नहीं होती। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र धनौरी के प्रभारी डॉ. पुरुषोत्तम ने फसलों में संतुलित उर्वरक की जानकारी दी। बताया की फसल की बुवाई के बाद पर्याप्त पत्तियां आने तक आधी मात्रा में दानेदार यूरिया का प्रयोग करें।

## विवाहिता व उसके मायके वालों को जमकर पीटा

रुडक़ी। ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर मायके से आए पिता, भाई और बहन को भी दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। किसी तरह भागकर उन्होंने कोतवाली में पुलिस से शिकायत की। पुलिस महिला के पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। दौलतपुर की सपना की शादी 2013 में मोहम्मदपुर बुजुर्ग के दीपक से हुई थी। आरोप है कि दीपक का किसी अन्य महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसका विरोध करने पर दीपक अक्सर सपना से मारपीट करता था। मारपीट में घर के लोग भी दीपक का साथ देते थे। दीपक पिछले कई दिन बाहर था। बुधवार सुबह लौटने पर सपना ने उससे बाहर रहने की वजह पूछी तो उसने सपना से मारपीट की और एक कमरे में बंद कर दिया।

## रक्तदान कर जान बचाने का दिखा रहे जज्बा

रुडक़ी। समाज में ऐसे भी बहुत लोग हैं जिन्होंने, इंसानियत को ही सबसे बड़ा धर्म मानते हुए दूसरों की मदद करना मकसद बना लिया है। इंसानियत के ऐसे फरिश्ते इन दिनों रुडक़ी में जनसेवा कर रहे हैं। डेंगू का प्रकोप लगातार जारी है लेकिन कई लोग आगे आकर रक्तदान करके मरीजों की मदद कर रहे हैं। ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉक्टर रजत सैनी ने बताया कि सितंबर में 20 दिन में 23 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

## बाढ़-जल भराव को लेकर डीएम ने जानकारी ली

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार रोशनाबाद में जलभराव और बाढ़ सुरक्षा योजना के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिसमें डीएम ने अधिकारियों से जनपद में बाढ़ और जल भराव के संबंध में जानकारी ली। डीएम ने नालों में जमा सिल्ट, नदी तथा नालों पर अतिक्रमण की स्थिति, बाढ़ सुरक्षा में रेलवे तथा लोक निर्माण विभाग की भूमिका, बन्धे के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, जल भराव व बाढ़ सुरक्षा में आने वाला अनुमानित व्यय आदि विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। डीएम ने अधिकारियों से जनपद के बाढ़ और जलभराव वाले क्षेत्रों, जलभराव के प्रमुख कारक, नालों का चिह्नीकरण व उनकी चौड़ाई, नदियों तथा नालों में सिल्ट की स्थिति आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई मंजू, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खंड रुडक़ी पीएल नौटियाल आदि मौजूद थे।

## विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाया

रुडक़ी। नगला इमारती की उप प्रधान गुलिस्ता ने गांव में हो रहे निर्माण कार्यों में धांधली का आरोप लगाया है। इसके साथ ही कहा 25 फीसदी किसानों को फसलों का मुआवजा नहीं मिलने की बात कही है। कहा कि गांव में पेयजल निगम पाइप लाइन डालने का कार्य करवा रहा है लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। पाइप लाइन डालने से सडक़ों का बुरा हाल हो गया है। कहा कि दलित बस्ती में अभी तक सही ढंग से पानी नहीं दिया गया। बारिश से फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई लेकिन 25 फीसदी किसान मुआवजे से वंचित हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आरबीआई ने की ऋण और अन्य समस्याओं को लेकर बैठक

हरिद्वार। आरबीआई ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों की ऋण और अन्य समस्याओं को लेकर बैठक की। उद्यमियों ने निर्यातकों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। सिडकुल स्थित एक होटल में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून कार्यालय की ओर से बैठक हुई। बैंकों के प्रतिनिधियों ने उद्यमियों को ऋण मिलने में आ रही समस्या के बारे में बताया। समय से लोन उपलब्ध कराने की मांग की। उद्योग निदेशालय देहरादून के डिप्टी डायरेक्टर अनुपम द्विवेदी ने राज्य सरकार की नई उद्योग नीति की विस्तृत जानकारी दी। सिडबी बैंक के महाप्रबंधक विजय सिंह ने बैंक की योजनाओं के बारे में बताया। बताया कि छोटे उद्योगों के बिल भुगतान प्रक्रिया के लिए ट्रेड्स प्लेटफार्म पर काम चल रहा है। रुडक़ी स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रतिनिधि केतन भारद्वाज ने निर्यात में ई-कॉमर्स के माध्यम से आने वाले भुगतान दिक्कतों के समाधान की मांग उठाई। बहादराबाद इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील पांडे ने उद्योग लगाने के लिए जमीन उपलब्धता की समस्या बताई। रिजर्व बैंक की उप महाप्रबंधक मीनाक्षी वर्मा ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इस दौरान लावण्या सिंघल, आत्मा सिंह सैनी, सुखदेव, अनुज चौहान, हरभजन सिंह, नवीन बिष्ट, गुलशन आदि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी में 10 लोगों पर केस दर्ज करने आदेश

हरिद्वार। रोशनाबाद कचहरी के अधिवक्ता के साथ धोखाधडी करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ता अधिवक्ता राव फरमान अली ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि अक्तूबर 2022 को गांव में रहने वाले लोगों ने तीन लाख नगद लेकर अपनी पुश्तैनी कृषि भूमि बेचने का एग्रीमेंट उसके साथ किया था। विक्रेताओं ने एग्रीमेंट की शर्तो का उल्लंघन किया। राव नाजिम, जुगनू, गुलाफसा, राव आजम, राव निजाम, शाहिदा, शकीला, अहसान व इरशाद ने विकास चौहान व विपुल चौहान से मिलकर जमीन को 41. 40 लाख में किसी अन्य को विक्रय करने का दूसरा एग्रीमेंट कर दिया है। आरोप है कि उनके तीन लाख रुपये हड़प लिए हैं।

### सतत विकास एक दूरदर्शी योजना : प्रो. बत्रा

हरिद्वार। एसएमजेएन कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सतत विकास लक्ष्य की आठवीं वर्षगांठ पर भारत में सतत विकास लक्ष्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि सतत विकास एक दूरदर्शी योजना है, जो आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण का समावेश है। प्रो. बत्रा ने बताया कि यह योजना विकास के लिए भविष्य की पीढियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान की आवश्यकताओं का पूरा करने पर जोर देती है।